तापमान
अधिकतम 31.6°C
न्यूनतम 22.0°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- मंदिरों में नवरात्र की पूजा-अर्चना सुबह 7 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- उपायुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे
- शहर में रामलीला का मंचन रात 9 बजे

रोहतक में डिजिटल लूट

कंसाला में फर्जी एप पर भुगतान दिखा स्कूटी में भरवाया पेट्रोल पकड़ा गया तो पुलिस को फोन कर अपहरण की कहानी गढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मोबाइल की स्क्रीन पर भुगतान सफल होने का संदेश दिखा और पेट्रोल पंप कर्मचारी ने स्कूटी की टंकी पेट्रोल से भर दी। लेकिन जब भुगतान की पुष्टि करने की बारी आई तो पता चला कि मोबाइल पर दिखाया गया भुगतान फर्जी था। पेट्रोल भरवाने वाला युवक मौके से भागने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। इसके बाद युवक ने खुद को बचाने के लिए एक और कहानी गढ़ दी। उसने पुलिस को फोन कर आरोप लगाया कि उसका अपहरण किया जा रहा है। हालांकि, पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में उसकी करतूत कैद हो गई थी। कंसाला स्थित पेट्रोल पंप पर सामने आई इस घटना ने डिजिटल भुगतान के नाम पर हो रही धोखाधड़ी को लेकर संचालकों की चिंता बढ़ा दी है।



फर्जी एप से भुगतान का दिया झांसा

जानकारी के अनुसार, कंसाला स्थित पेट्रोल पंप पर एक युवक स्कूटी लेकर पेट्रोल भरवाने पहुंचा। उसने स्कूटी की टंकी भरवाई और भुगतान करने के लिए मोबाइल फोन पर एप के जरिये करीब साढ़े चार सौ रुपये के भुगतान होने का दिखावा किया। कर्मचारी को लगा कि युवक ने ऑनलाइन भुगतान कर दिया है, लेकिन वास्तव में खाते में रकम नहीं पहुंची। जब इस बात का पता चला तो युवक वहां से निकल गया। कुछ देर बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद मामला और उलझ गया।

पेट्रोल भरवाने से ही किया इनकार

पकड़े जाने के बाद युवक ने अपनी बात बदलनी शुरू कर दी। बताया गया कि उसने पुलिस को फोन कर शिकायत की कि उसका अपहरण किया जा रहा है। वहीं, उसने यह भी कहा कि वह पेट्रोल लेने के लिए पेट्रोल पंप पर आया ही नहीं था। हालांकि, पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में युवक के आने और पेट्रोल भरवाने की गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई थीं। ऐसे में उसकी बातों और घटनास्थल पर मौजूद साक्ष्यों के बीच विरोधाभास सामने आया। पेट्रोल पंप संचालक के अनुसार, इस तरह की घटनाओं से निपटना अब उनके लिए चुनौती बनता जा रहा है।

हर दूसरे-तीसरे दिन सामने आ रहे केस

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि मोबाइल पर फर्जी भुगतान दिखाकर पेट्रोल भरवाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कई युवक अपने मोबाइल में ऐसे एप लेकर घूम रहे हैं, जिनकी मदद से भुगतान होने का आभास कराया जाता है। कर्मचारी मोबाइल स्क्रीन पर भुगतान का संदेश देखकर पेट्रोल भर देते हैं, लेकिन बाद में खाते में रकम नहीं आने पर ठगी का पता चलता है। संचालकों के अनुसार, हर दूसरे-तीसरे दिन इस तरह की वारदात सामने आने से कारोबार करना मुश्किल हो रहा है। पेट्रोल भरवाने के बाद भुगतान की पुष्टि के लिए कर्मचारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ रही है।

खाली बैठे युवक कर रहे ऐसी हरकतें

पेट्रोल पंप संचालक राजकुमार ने बताया कि कुछ युवक जानबूझकर फर्जी एप के जरिये भुगतान दिखाकर पेट्रोल भरवा रहे हैं। इससे संचालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति भी बन जाती है। उनका कहना है कि डिजिटल भुगतान की सुविधा ग्राहकों की सहूलियत के लिए है, लेकिन कुछ लोग इसका गलत फायदा उठा रहे हैं। ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी है कि भुगतान की पुष्टि किए बिना पेट्रोल न दिया जाए और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दी जाए।

फर्जी एप, लिंक और एपीके फाइल के जरिये लोगों को निशाना बना रहे ठग

'क्रेडिट कार्ड' की एपीके फाइल डाउनलोड करते ही खाते से निकले एक लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मोबाइल पर बैंक के नाम से आने वाली एक फाइल आपकी मेहनत की कमाई पर भारी पड़ सकती है। मॉडल टाउन निवासी एक युवक को व्हाट्सएप पर एसबीआई के नाम से एपीके फाइल मिली। बैंक की एप्लिकेशन समझकर युवक ने फाइल डाउनलोड कर ली। इसके बाद उसका व्हाट्सएप काम करना बंद हो गया। उसे साइबर ठगी का शक हुआ तो वह बैंक पहुंचा, जहां पता चला कि उसके खाते से एक लाख रुपये निकल चुके हैं। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम थाना रोहतक ने मामले में जीरो एफआईआर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैंक के नाम से भेजी गई फर्जी फाइल

मॉडल टाउन निवासी अर्जुन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी काम करता है और उसने अपने इस्तेमाल के लिए आईडीएफसी बैंक में खाता खुलवाया हुआ है। उसके बैंक खाते में मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड है और इसी नंबर पर वह व्हाट्सएप चलाता है। शिकायत के अनुसार, 6 अक्टूबर को उसके व्हाट्सएप पर एसबीआई नाम से एक एपीके फाइल आई थी। अर्जुन ने बैंक की एप्लिकेशन समझकर उसे डाउनलोड कर लिया। फाइल डाउनलोड होने के बाद उसका व्हाट्सएप काम करना बंद हो गया। उसने एप को दोबारा चालू करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।



सोशल मीडिया के विज्ञापन पर क्लिक करना पड़ा भारी, खाते से निकल गए 43 हजार रुपये

रोहतक। सोशल मीडिया पर दिखने वाला एक विज्ञापन आपकी मेहनत की कमाई पर भारी पड़ सकता है। रोहतक जिले के निंगाणा गांव निवासी पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारी सुनील के साथ ऐसा ही हुआ। इंस्टाग्राम और फेसबुक देखते समय उनके सामने एक विज्ञापन आया, जिस पर क्लिक करते ही मोबाइल में दो एपीके फाइलें डाउनलोड हो गईं। इसके बाद फोन हैंग होने लगा और उसे रीस्टार्ट करने में भी काफी समय लगा। सुनील ने इसे पुराने फोन की तकनीकी खराबी समझकर नजरअंदाज कर दिया। कुछ दिन बाद खाते में वेतन आने के अगले ही दिन जब उन्होंने बैलेंस चेक किया तो सिर्फ 16 रुपये बचे थे। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि खाते से 43 हजार रुपये निकल चुके हैं। साइबर क्राइम थाना रोहतक ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कलानौर तहसील के निंगाणा गांव निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में खाता है। 1 अक्टूबर को वह इंस्टाग्राम और फेसबुक देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक विज्ञापन दिखाई दिया। उस पर क्लिक करने के बाद उनके मोबाइल में दो फाइलें डाउनलोड हो गईं। शिकायत के अनुसार, फाइलें डाउनलोड होने के बाद मोबाइल हैंग होने लगा। सुनील ने फोन को रीस्टार्ट किया, लेकिन इसमें काफी समय लगा। उन्हें लगा कि पुराना फोन होने के कारण तकनीकी खराबी आ गई है। उन्होंने नया मोबाइल खरीदने के लिए वेतन आने का इंतजार किया और उस समय खाते में किसी संदिग्ध गतिविधि का अंदेशा नहीं हुआ।

वेतन आने के अगले दिन खाते से निकली रकम

सुनील के अनुसार, 5 अक्टूबर को उनका वेतन बैंक खाते में आया था। अगले दिन, 6 अक्टूबर को जब उन्होंने खाते का बैलेंस चेक किया तो उसमें केवल 16 रुपये शेष थे। इसके बाद 7 अक्टूबर की सुबह वह बैंक पहुंचे और खाते की स्टेटमेंट निकलवाई। स्टेटमेंट में 6 अक्टूबर को 43 हजार रुपये की निकासी दर्ज मिली। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना रोहतक में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

चंद रुपयों के रूम स्प्रे के चक्कर में गंवा दिए 60 हजार रुपये

रोहतक। ऑनलाइन शॉपिंग में खराब सामान मिलने पर कस्टमर केयर से शिकायत करना एक ग्राहक को भारी पड़ गया। ब्लिंकिट से मंगवाया रूम स्प्रे खराब निकलने पर शिकायत कर रहे रोहतक के एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने अपना निशाना बना लिया। ठगों ने खुद को कस्टमर केयर अधिकारी बताकर पहले व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल की और फिर दूसरे मोबाइल नंबर से संपर्क कर स्क्रीन शेयर करवा ली। इसके बाद पीड़ित के एसबीआई खाते से दो ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 60 हजार रुपये निकाल लिए गए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम थाना रोहतक ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खराब सामान की शिकायत के दौरान आया फोन

देव कॉलोनी की गली नंबर दो स्थित नरुला हाउस निवासी सत्येंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 अक्टूबर को उन्होंने ब्लिंकिट से एक रूम स्प्रे मंगवाया था, जो खराब निकला। इस संबंध में वह ब्लिंकिट के कस्टमर केयर पर शिकायत कर रहे थे। इसी दौरान उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को कस्टमर केयर अधिकारी बताया और वीडियो कॉल के दौरान स्क्रीन शेयर करने के लिए कहा। सत्येंद्र सिंह ने पहले स्क्रीन शेयर करने से मना कर दिया। शिकायत के अनुसार, कुछ समय बाद एक अन्य मोबाइल नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने भी खुद को अधिकारी बताया। उसके कहने पर सत्येंद्र सिंह ने वीडियो कॉल के दौरान अपने मोबाइल की स्क्रीन शेयर कर दी। इसके बाद उनके बैंक खाते से रकम कटने लगी। जब उन्होंने खाते से पैसे निकलने की जानकारी देखी तो उन्हें अपने साथ साइबर ठगी होने का पता चला।

दो ट्रांजेक्शन में निकली रकम

पीड़ित के अनुसार, उनका एसबीआई में बैंक खाता है। खाते से एक्सिस बैंक के खाते में दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम ट्रांसफर हुई। पहली ट्रांजेक्शन में 48 हजार रुपये और दूसरी में 12 हजार रुपये निकल गए। इस तरह कुल 60 हजार रुपये की चपत लग गई। इसके बाद उन्होंने साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। सत्येंद्र सिंह ने पुलिस से ठगी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और उनकी रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, 14 अक्टूबर 2026 को शिकायत मिलने के बाद साइबर क्राइम थाना मामला दर्ज किया गया। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

कंबोडिया में सैलून खोलने का सपना दिखा महिला से 9.94 लाख रुपये ठगे

- पति के साथ एग्रीमेंट कराया, फ्लाइट टिकट भेजकर बुलाया; विदेश पहुंचने पर नहीं मिला कथित बिजनेस पार्टनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विदेश में कारोबार शुरू कर मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर रोहतक की एक महिला से करीब 9.94 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला को कंबोडिया में सैलून खोलने का प्रस्ताव देकर रकम ऐंठी गई। विश्वास जीतने के लिए उसके पति के साथ एग्रीमेंट भी तैयार कराया गया। इसके बाद फ्लाइट टिकट भेजकर महिला को कंबोडिया बुलाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर कथित बिजनेस पार्टनर नहीं मिला। भारत लौटने के बाद मदद के नाम पर एक अन्य व्यक्ति ने भी उससे करीब 1.49 लाख रुपये ले लिए।

क्लीनिक पर हुई थी जान-पहचान

सेक्टर-34 स्थित अतुल विहार निवासी मुकेश कुमारी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बीएमएस की पढ़ाई की है और सेक्टर-4 में क्लीनिक चलाती थीं। वर्ष 2025 में नेहा नाम की महिला अपनी बेटी का इलाज कराने वहां आई थी। बाद में वह अपने पति गुरदीप के साथ भी आने लगी। शिकायत के अनुसार, गुरदीप ने खुद को कारोबार से जुड़ा बताते हुए कंबोडिया में सैलून खोलने का प्रस्ताव दिया। उसने दावा किया कि उसके विदेशों में अच्छे संपर्क हैं। सैलून में दो कारीगर रखने और उन्हें एक-एक लाख रुपये मासिक वेतन देने की बात कही गई। कारोबार के लिए करीब 15 लाख रुपये की जरूरत बताई गई।

एग्रीमेंट के बाद दिए 8.45 लाख रुपये

मुकेश कुमारी के अनुसार, गुरदीप ने उनके पति प्रदीप के साथ एग्रीमेंट तैयार कराया। इसके बाद उन्होंने अपने और बेटी के बैंक खातों से अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 3.45 लाख रुपये भेजे तथा पांच लाख रुपये नकद दिए। इसके बाद गुरदीप ने 31 मार्च 2026 की कंबोडिया की फ्लाइट का टिकट भेजा और वहां मिलने का भरोसा दिया। महिला एक अप्रैल को कंबोडिया पहुंची, लेकिन गुरदीप वहां नहीं मिला। नेहा और गुरदीप से संपर्क नहीं होने पर वह भारत लौट आईं। भारत लौटने के बाद महिला की व्हाट्सएप पर अनिल नाम के व्यक्ति से बातचीत हुई। उसने खुद को गुरदीप का सहयोगी और एंबेसी में कार्यरत बताते हुए उसे तलाशने तथा कारोबार शुरू कराने में मदद का भरोसा दिया। आरोप है कि अनिल के बताए बैंक खाते में महिला ने 1,48,999 रुपये जमा करा दिए। रकम मिलने के बाद उसने भी फोन उठाना बंद कर दिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, 14 अक्टूबर को साइबर क्राइम थाना रोहतक में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस आरोपों और संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है।

कबीर कॉलोनी में युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। कबीर कॉलोनी में युवक कालू की हत्या के मामले में थाना शहर पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फारुक पुत्र सलीम निवासी कबीर कॉलोनी, जींद रोड, पीर वाली गली, रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। मामले की जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 4 अक्टूबर को कालू के साथ लड़ाई-झगड़े में चोट लगने की सूचना मिली थी। उसे उपचार के लिए पीजीआईएमएस रोहतक में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच पीएसआई संदीप द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान 14 अक्टूबर को फारुक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद किया जा चुका है। इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने इस संबंध में थाना शहर में मामला दर्ज किया था।

बस को बीच सड़क घेरकर 3 युवकों ने चालक को पीटा विरोध करने पर यात्रियों को धमकाया - पंचायती मत बनो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/महम

सड़क पर सफर कर रहे यात्रियों के लिए बस केवल मंजिल तक पहुंचने का साधन होती है, लेकिन महम में हरियाणा रोडवेज की एक बस के भीतर ऐसा घटनाक्रम हुआ, जिसने यात्रियों को दहशत में डाल दिया। गुरुग्राम से सिरसा जा रही बस को मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने कथित तौर पर रास्ते में घेरकर रुकवा लिया। इसके बाद चालक के साथ कहासुनी शुरू हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि युवक बस के अंदर घुस गए और चालक को लात-घूंसों से पीटा। यात्रियों ने बीच-बचाव किया तो उन्हें भी धमकाया गया। घटना के दौरान बस में महिलाएं भी मौजूद थीं। चालक ने महम चौकी में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आगे बाइक लगा रुकवाई बस

रोडवेज के गुरुग्राम डिपो में तैनात चालक सुशील कुमार ने बताया कि वह बस लेकर गुरुग्राम से सिरसा जा रहे थे। महम में प्रवेश करते ही तीन मोटरसाइकिलों पर सवार युवक बस के आसपास आ गए। आरोप है कि एक मोटरसाइकिल बस के आगे लगा दी गई, जिसके कारण उन्हें वाहन रोकना पड़ा। इसके बाद युवक उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। सुशील कुमार ने जब उनसे विवाद का कारण पूछा तो बात बढ़ गई और युवकों ने उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी।





बस में घुसकर बरसाए लात-घूंसे

बस के कंडक्टर ओमप्रकाश के अनुसार, युवकों ने पहले बस को ओवरटेक करके रुकवाया था। चालक ने बातचीत से मामला सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि युवक बस के अंदर घुस आए और सीट पर बैठे सुशील कुमार को पीटने लगे। अचानक हुई इस घटना से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ यात्रियों ने चालक को हमलावरों से बचाने और विवाद रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें भी गाली-गलौज का सामना करना पड़ा। बस में सफर कर रहे यात्री राहुल ने बताया कि उन्होंने युवकों को समझाने का प्रयास किया। यात्रियों ने कहा कि बस में महिलाएं भी बैठी हैं, इसलिए गाली-गलौज और मारपीट नहीं करनी चाहिए। आरोप है कि युवकों ने समझाने के बजाय यात्रियों को ही धमकाना शुरू कर दिया। राहुल के अनुसार, युवकों ने उनसे कहा, तुम पंचायती मत बनो। महिला यात्री राधिका ने भी बताया कि महम में बस रुकने के बाद युवकों ने चालक के साथ मारपीट की।

चालक की शिकायत पर जांच शुरू

कंडक्टर ओमप्रकाश ने बताया कि जब पुलिस को फोन करने का प्रयास किया गया तो युवकों ने कथित तौर पर बस का समय नोट करने की बात कही। उन्होंने धमकी दी कि अगली बार बस लेकर यहां आए तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। इस धमकी के बाद यात्रियों और रोडवेज कर्मचारियों की चिंता और बढ़ गई। घटना के दौरान युवकों ने ऐसा क्यों किया, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। महम चौकी प्रभारी बजे सिंह ने बताया कि रोडवेज चालक सुशील कुमार की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत में कहा गया है कि गुरुग्राम डिपो की बस सिरसा जा रही थी, तभी महम में मोटरसाइकिल सवार अज्ञात युवकों ने उसे रुकवाकर चालक के साथ मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपियों की पहचान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

6-7 महीने पहले लगाए गए थे यातायात संकेतक

करोड़ों के ट्रैफिक सिग्नल बने शोपीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक तरफ विकसित भारत और स्मार्ट शहरों की बात हो रही है, वहीं दूसरी तरफ शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात को व्यवस्थित करने के लिए लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े हैं। लाखों रुपये खर्च करके लगाई गई इन सिग्नल लाइटों के काम नहीं करने से यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि सिग्नल लगभग छह-सात महीने पहले लगाए गए थे, लेकिन अब करीब एक महीने से बंद पड़े हैं। इसके बावजूद इन्हें दुरुस्त कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर जनता की गाढ़ी कमाई से हुए खर्च की जिम्मेदारी कौन लेगा और बंद सिग्नल कब चालू होंगे। सेक्टर दो के निवासियों ने इस मामले में नगर निगम प्रशासन से जवाब मांगा है। उन्होंने ट्रैफिक सिग्नलों की खरीद, स्थापना, गुणवत्ता और रखरखाव की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यातायात को सुचारु बनाने के उद्देश्य से लगाए गए सिग्नल यदि कुछ ही महीनों में काम करना बंद कर दें और लंबे समय तक उनकी मरम्मत न हो, तो संबंधित अधिकारियों और रखरखाव एजेंसी की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

कहीं 21 लाख, तो कहीं दो चौराहों पर 39 लाख का समझौता

निगम के सूत्रों के मुताबिक हिसार बाइपास चौक और नया गोहाना बाइपास चौक पर ट्रैफिक लाइटों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और संचालन शुरू करने के लिए 38,74,053 रुपये का खर्च हुआ। वहीं, शीला टी-प्वाइंट पर सिग्नल लगाने के लिए 21,03,173 रुपये और सेक्टर-14 चौक पर एमडीयू गेट नंबर-दो के पास सिग्नल के लिए भी 21,03,173 रुपये की राशि निर्धारित की गई। इसी प्रकार, जाट भवन टी-प्वाइंट पर ट्रैफिक लाइटों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और संचालन शुरू करने के लिए 18,91,405 रुपये का समझौता किया गया। इन चार कार्यों की कुल समझौता राशि करीब एक करोड़ रुपये है।

वारंटी है तो मरम्मत में देरी क्यों

व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि सिग्नल इतनी जल्दी खराब कैसे हो गए और स्थापना के समय उनकी गुणवत्ता की जांच किसने की थी। यदि उपकरण वारंटी के तहत हैं, तो संबंधित एजेंसी से इन्हें ठीक कराने में देरी क्यों हो रही है। रखरखाव की जिम्मेदारी किस विभाग या एजेंसी की है और अब तक मरम्मत नहीं होने के लिए जवाबदेही किसकी तय की गई है। उन्होंने मांग की कि नगर निगम प्रशासन सिग्नलों की खरीद, स्थापना, गुणवत्ता, वारंटी और रखरखाव से जुड़े दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कराए। साथ ही, बंद पड़े सभी सिग्नलों को तत्काल चालू करवाया जाए और जांच में लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों या ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ने की आशंका

प्रमुख चौराहों पर सिग्नल बंद रहने से वाहन चालकों को आवागमन के दौरान परेशानी हो सकती है और यातायात नियंत्रण प्रभावित होने की आशंका रहती है। ऐसे में प्रशासन को केवल सिग्नल लगवाने तक सीमित रहने के बजाय उनके नियमित रखरखाव और समय पर मरम्मत की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी चाहिए। अब देखना यह है कि नगर निगम इस मामले में कब कार्रवाई करता है और लाखों रुपये की लागत से लगाए गए सिग्नलों को दोबारा चालू कराने के लिए क्या कदम उठाता है।

सिविल रोड पर युवक को घेरकर पीटा, सिर फटा

रोहतक। सिविल रोड के सामने कोर्ट से घर लौट रहे पाड़ा मोहल्ला निवासी एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पाड़ा मोहल्ला निवासी सिकंदर का आरोप है कि विशु पुत्र सुभाष ने तीन-चार अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोक लिया और हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट में सिकंदर के सिर, हाथ, कलाई, कंधे, छाती और पीठ समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल जांच में 10 चोटें दर्ज की गईं। हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीजीआईएमएस रोहतक के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। सिकंदर ने पुलिस को बताया कि वह कोर्ट से शेल्टर का पता करके घर लौट रहा था, तभी उस पर हमला किया गया। पुलिसकर्मी अस्पताल में बयान लेने पहुंचे थे, लेकिन वह एक्सरे करवाने गया हुआ था। बाद में 13 अक्टूबर को उसने थाना शहर में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ढाबे की जमीन पर कब्जे के विवाद में ठेकेदार पर बरसाए डंडे और बिंडे

रोहतक। पांच साल के लिए ढाबा बनाने को जमीन लीज पर लेना बालंद गांव निवासी तरुण उर्फ टीनू को भारी पड़ गया। आरोप है कि जमीन को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद के बीच काली स्कॉर्पियो में आए 6-7 नकाबपोश युवकों ने तरुण और जमीन मालिक कर्मबीर पर डंडों व बिंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तरुण ने पुलिस को बताया कि उसने पिछले महीने कर्मबीर पुत्र भरतू निवासी बालंद से बालंद रोड पर बाबा की फैक्ट्री के पास आधा किला जमीन पांच साल के लिए लीज पर ली थी। यहां ढाबा बनाने की योजना थी। बाद में उसे पता चला कि जमीन को लेकर कर्मबीर का बड़े भाई रामफूल के परिवार से विवाद चल रहा है। 12 अक्टूबर को शाम करीब पांच बजे जमीन पर ढाबे की चिनाई का काम चल रहा था और तरुण व कर्मबीर वहां मौजूद थे। इसी दौरान काली स्कॉर्पियो आकर रुकी।

राहुल और साहिल पर आरोप

तरुण ने कर्मबीर के बड़े भाई रामफूल के बेटे राहुल और राहुल की मौसी के बेटे साहिल निवासी बलियाना पर साथियों सहित हमले में शामिल होने का आरोप लगाया। वारदात के बाद आरोपी स्कॉर्पियो में फरार हो गए। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद होगी।

शिकायत के अनुसार, गाड़ी से उतरे 6-7 युवकों ने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे और उनके हाथों में डंडे व बिंडे थे। उन्होंने दोनों पर हमला किया। तरुण को आठ चोटें आईं। उसे पहले पीजीआईएमएस ट्रॉमा सेंटर और फिर सनफ्लैग ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक हमलावर जमीन के मामले में बीच में आने वालों को न छोड़ने की धमकी देता रहा। तरुण ने उसकी आवाज पहचानने का दावा किया है।

रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले के पांचवें दिन संवाद का भव्य मंचन

श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष, परशुराम के क्रोध पर लक्ष्मण के जवाबों ने जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुरानी आईटीआई ग्राउंड, सर्कुलर रोड पर श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले के पांचवें दिन सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष तोड़ने के दृश्य के दौरान पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम और माता सीता के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों के शानदार अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। बड़ी संख्या में शहरवासी परिवारों के साथ रामलीला देखने पहुंचे।

मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि पांचवें दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ जनसेवा संस्थान के संस्थापक डॉ. स्वामी परमानंद महाराज के सान्निध्य में हुआ। उद्घाटनकर्ता राममूर्ति गोयल, मुख्य अतिथि डॉ. मनोज गोयल, हिमांशु बल्हारा, डॉ. अंजू सिंघानिया, श्याम सुंदर गोयल, मुख्य संरक्षक राजेश जैन और प्रधान सुभाष तायल ने रिमोट का बटन दबाकर और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद भगवान हनुमान की संगीतमय महाआरती की गई। मंचन के दौरान दिखाया गया कि राजा जनक ने माता सीता के विवाह के लिए शर्त रखी थी कि जो वीर भगवान शिव के विशाल धनुष को तोड़ेगा, उसी के साथ सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में दूर-दूर से आए राजा और महारथियों ने धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफल नहीं हुआ। लंका के राजा रावण को भी इसमें सफलता नहीं मिली। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते समय उसे तोड़ दिया। धनुष टूटते ही दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इसके बाद माता सीता ने श्रीराम को वरमाला पहनाई। इस दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों को मोतियों की माला, पटका, शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सतीश भारद्वाज और विजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।शिव धनुष टूटने की सूचना मिलने पर भगवान परशुराम स्वयंवर स्थल पर पहुंचे। धनुष की स्थिति देखकर उनका क्रोध भड़क उठा। इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखे संवाद हुए। लक्ष्मण के निर्भीक जवाबों पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं, जबकि भगवान श्रीराम की विनम्रता और मर्यादित व्यवहार ने भी दर्शकों को प्रभावित किया। कलाकारों ने अपने अभिनय से क्रोध, धैर्य, विनम्रता और मर्यादा का सुंदर संदेश दिया।



रोहतक। पुरानी आईटीआई ग्राउंड में श्री रामलीला उत्सव कमेटी में आयोजित रामलीला में मंचन के दौरान धनुष तोड़ते श्रीराम। फोटो : हरिभूमि

शिव धनुष तोड़ते ही क्रोधित हुए परशुराम

श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी में रामलीला मंचन के दौरान धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का प्रभावशाली अभिनय किया गया। शिव धनुष टूटने के बाद भगवान परशुराम के क्रोध और लक्ष्मण के तीखे जवाबों ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। भगवान श्रीराम की विनम्रता और मर्यादित व्यवहार ने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों के दमदार अभिनय पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया। पूरे मंचन के दौरान रामलीला परिसर भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा।



न्यूज डायरी

रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा : संदीप



रोहतक। मानवता की सेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए यूथ मोटिवेटर संदीप कटारिया ने आज पीजीआई के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझें और नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए आगे आएं। हमारे द्वारा दान किया गया रक्त किसी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति, गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज या जरूरतमंद रोगी के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। उन्होंने कहा रक्त की कमी के कारण किसी जरूरतमंद को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर पीजीआई ब्लड बैंक के प्रमुख प्रो. डॉ. गजेंद्र सिंह ने संदीप कटारिया को रक्तदान प्रमाणपत्र प्रदान किया। रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है।

गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखें



रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत शीला बाईपास चौक पर कचरा पृथक्करण और कंपोस्टिंग के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने नगर निगम कर्मचारियों से कहा कि वे घर-घर जाकर गृहणियों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित करें, ताकि कचरे का उचित निस्तारण हो सके। उन्होंने कहा कि रसोई से निकलने वाले फल-सब्जियों के छिलके और अन्य जैविक अपशिष्ट गीले कचरे में डालें, जबकि कागज, गत्ता और प्लास्टिक को सूखे कचरे में रखें। गीले कचरे से जैविक खाद तैयार की जा सकती है, वहीं सूखे कचरे का पुनर्चक्रण आसान होता है। नवीन ढुल ने कहा कि स्वच्छता के लिए जनभागीदारी जरूरी है। नगर निगम कर्मचारियों को कचरा संग्रहण के दौरान भी दोनों प्रकार के कचरे को अलग रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम जिला संयोजक संदीप राठी के नेतृत्व में हुआ। इसमें संदीप जांगड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा स्पर्धा में 1590 छात्रों ने लिया हिस्सा

रोहतक। हरियाणा पुलिस की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता 2026-27 की खंड स्तरीय परीक्षा में जिले के सरकारी और निजी स्कूलों व कॉलेजों के 1590 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देशानुसार आयोजित परीक्षा में चार स्तरों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें पहले स्तर पर 468, दूसरे स्तर पर 540, तीसरे स्तर पर 537 और चौथे स्तर पर 45 विद्यार्थी शामिल रहे। महम, कलानौर, लाखनमाजरा, सांपला और रोहतक खंडों में परीक्षा एक साथ आयोजित की गई। प्रतियोगिता का पहला चरण 31 अगस्त को हुआ था। उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार लोहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों की जानकारी और उनका नियमित पालन बेहद जरूरी है। युवा पीढ़ी समाज की नींव है, इसलिए उनमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डीएसपी राजेश कुमार लोहान ने बताया कि खंड स्तर पर विजेता स्कूलों की टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। इस दौरान आरटीए वीरेंद्र ढुल सहित यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।



दूसरों को खुश करने की चाह में खुद को न भूलें: डॉ. पंकजा सिंह

रोहतक। दूसरों की अपेक्षाओं और सामाजिक दबाव से मुक्त होकर अपनी पसंद, मूल्यों और पहचान के अनुरूप जीवन जीना मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। स्वयं को चुनने का अर्थ दूसरों की अनदेखी करना नहीं, बल्कि अपनी जरूरतों को समझकर जीवन में संतुलन बनाना है। यह बात मेंटल वेलनेस सेंटर, गुरुग्राम की संस्थापक एवं क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. पंकजा सिंह ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान में कही। यूआईईटी की यूएचवी एवं सॉफ्ट स्किल्स कमेटी की ओर से राधाकृष्णन सभागार में 'मेंटल हेल्थः अंडरस्टैंडिंग, कनेक्टिंग एंड ग्रोइंग टुगेदर' विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में डॉ. पंकजा सिंह ने 'चूजिंग योरसेल्फः ब्रेकिंग फ्री फ्रॉम कंडीशनिंग' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। अपने प्रभावी सम्बोधन में उन्होंने कहा कि पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक मान्यताएं और दूसरों की स्वीकृति पाने की चाह कई बार व्यक्ति को अपनी इच्छाओं के विपरीत फैसले लेने के लिए प्रेरित करती हैं। ऐसे में आत्म-जागरूकता विकसित करना और अपने निर्णयों को व्यक्तिगत मूल्यों के आधार पर परखना जरूरी है। डॉ. पंकजा सिंह ने विद्यार्थियों को आत्म-सम्मान बनाए रखने, दूसरों से तुलना करने से बचने और अपनी भावनात्मक जरूरतों को महत्व देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वयं को स्वीकार करना बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास की कुंजी है।

भक्तों ने मां कूष्मांडा को चमेली के फूल चढ़ाकर की पूजा-अर्चना

■ परिवार की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री सनातन धर्म दुर्गा भवन मंदिर में प्रधान ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में चल रहे नवरात्र महोत्सव के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना विधिविधान से की गई। सुबह श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर चमेली के फूल अर्पित किए और परिवार की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की।

मंदिर के आचार्य मनोज मिश्र ने बताया कि मां कूष्मांडा को सृष्टि की आदिशक्ति माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब चारों ओर अंधकार था, तब देवी ने अपनी दिव्य मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। माता का स्वरूप सूर्य के समान तेजस्वी है। आठ भुजाएं होने के कारण उन्हें अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है। उनकी पूजा से भक्तों को सुख, शांति, बल और आरोग्य की प्राप्ति होती है। रात्रि 7:15 बजे मंदिर में माता की चौकी का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। माता रानी के मधुर भजनों पर भक्तों ने जय माता दी के जयकारे लगाए, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। भजन-कीर्तन के बाद माता रानी की महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



फॉर्म-7 से नाम हटाने के लिए आवेदन की सीमा तय

रोहतक। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतबीर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए आपत्ति दर्ज कराने संबंधी फॉर्म-7 आवेदनों की संख्या निर्धारित कर दी है। दावे एवं आपत्तियों की अवधि में एक मतदाता अधिकतम 10 आवेदन दे सकेगा, जबकि मतदाता सूचियों के निरंतर अद्यतन के दौरान एक माह में अधिकतम पांच आवेदन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। यह सीमा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दिए जाने वाले आवेदनों पर लागू होगी। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशों का उद्देश्य बिना ठोस आधार के बड़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज कराने पर अंकुश लगाना और मतदाताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाना है। डीसी ने कहा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 13(2) के अनुसार, फॉर्म-7 वही व्यक्ति प्रस्तुत कर सकता है, जिसका नाम संबंधित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज हो। आवेदन में सभी आवश्यक विवरण भरने के साथ आवेदक के स्वयं हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। हस्ताक्षर की मुहर को मूल हस्ताक्षर का विकल्प नहीं माना जाएगा।निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों को आवेदनों की जांच के दौरान आवेदक की पहचान और मतदाता सूची में दर्ज विवरणों का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई व्यक्ति पांच से अधिक मामलों में आपत्तियां दर्ज कराता है, तो संबंधित प्रावधानों के अनुसार उसका व्यक्तिगत सत्यापन किया जाना चाहिए। डाक या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों को सामूहिक रूप से स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार निर्वाचक पंजीयन अधिकारी आपत्तिकर्ता को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत सुनवाई करेंगे।

अंगदान, देहदान एवं नेत्रदान जागरूकता अभियान



रोहतक। रोटरी क्लब ऑफ रोहतक उड़ान द्वारा श्री रामलीला उत्सव कमेटी (रजिस्टर्ड), आईटीआई ग्राउंड, रोहतक के प्रांगण में राजेश जैन की प्रेरणा से 10 दिवसीय अंगदान, देहदान एवं नेत्रदान जागरूकता एवं रजिस्ट्रेशन अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से आम जनमानस को अंगदान, देहदान एवं नेत्रदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शिविर में पहुंचकर बड़ी संख्या में लोग इन पुनीत कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं और मानवता की सेवा के इस महान संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।अंगदान किसी को नया जीवन दे सकता है, नेत्रदान किसी के जीवन में रोशनी ला सकता है और देहदान चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दे सकता है।

111वीं ध्वजा यात्रा से पहले निकाली बाइक यात्रा, 100 श्रद्धालु हुए शामिल



रोहतक। श्री बालाजी धाम डोभ के लिए 111वीं भव्य पैदल ध्वजा यात्रा के आयोजन से पहले बुधवार को श्री शनि देव मित्र मंडल की ओर से बाइक यात्रा निकाली गई। इसमें करीब 100 बाइकों पर श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा का उद्देश्य 18 अक्टूबर को होने वाली पैदल ध्वजा यात्रा के प्रति लोगों को जोड़ना और धार्मिक आयोजन का संदेश देना रहा। श्री बालाजी धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि बाइक यात्रा दोपहर 12 बजे दिल्ली बाईपास स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास से शुरू हुई। यात्रा पावर हाउस, मेडिकल मोड़, अशोका, छोटूराम चौक, झज्जर रोड, रेलवे रोड, दुर्गा भवन मंदिर और भिवानी चुंगी से होते हुए गांव डोभ स्थित श्री बालाजी धाम पहुंची। उन्होंने बताया कि रविवार, 18 अक्टूबर को 111वीं पैदल ध्वजा यात्रा सुबह नौ बजे श्री दुर्गा भवन मंदिर से रवाना होगी। श्रद्धालु 11,111 ध्वजाओं के साथ भिवानी चुंगी के रास्ते श्री बालाजी धाम डोभ पहुंचेंगे।यात्रा में केदारनाथ रथ, बद्रीनाथ रथ, श्री बालाजी धाम डोभ दरबार और श्री दुर्गा माता दरबार की धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ढोल-नगाड़ों के साथ निकलने वाली यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था भी की जाएगी।

सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज में दिए करियर के टिप्स

रोहतक। सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज, कलानौर में बुधवार को 'स्नातक की पढ़ाई के बाद क्या करें' विषय पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों से अवगत कराना था।मुख्य वक्ता एजुकेशन काउंसलर आर.सी. पुनिया ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि और कौशल के अनुसार सही करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. पूनम अधलखा और सह-सहयोगियों के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।दूसरी ओर, सामाजिक सरोकारों के तहत यूथ मोटिवेटर संदीप कटारिया ने पीजीआई रोहतक के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रक्तदान को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझें, क्योंकि आपका दान किसी जरूरतमंद के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। इस दौरान पीजीआई ब्लड बैंक प्रमुख प्रो. डॉ. गजेंद्र सिंह ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत में तनाव प्रबंधन कार्यशाला लगाई



रोहतक। विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के विधि विभाग में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुंदर सिंह एवं विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. आशुतोष मिश्रा ने इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से आए विशेषज्ञों डॉ. जोगिंदर सिंह कैरो, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. आयुषी एवं डॉ. सिमरन का स्वागत किया। कार्यशाला में डॉ. आयुषी एवं डॉ. सिमरन ने विद्यार्थियों को तनाव के प्रमुख लक्षणों एवं संकेतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तनाव का प्रभाव व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति, व्यवहार तथा शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ सकता है। तनाव के लक्षणों की समय पर पहचान करना उसके प्रभावी प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. जोगिंदर सिंह कैरो, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन की विभिन्न मनोवैज्ञानिक तकनीकों, तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपायों तथा माइंडफुलनेस (सचेतन जागरूकता) के महत्व के बारे में बताया।

सड़क सुरक्षा नियमों की दिलाई शपथ



सांपला। संस्कृति मॉडल स्कूल में बुधवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत खंड स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक और जिला संयोजक नरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि रहे।पुलिस इंस्पेक्टर बलविंदर ने कहा कि 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' के मूलमंत्र के साथ चलाए जा रहे अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों के प्रति सजग रहना जरूरी है। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। निर्धारित गति सीमा का पालन करते हुए वाहन सही दिशा में चलाना चाहिए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी आरती चहल और स्कूल प्राचार्य गीता अहलावत भी उपस्थित रहीं।

जाट शिक्षण संस्था में विकास कार्यों का निरीक्षण हॉकी मैदान और खेल ट्रैक का हो रहा कायाकल्प



रोहतक। जाट एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने संस्था में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदार और स्टाफ को गुणवत्ता व तेजी के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जाट कॉलेज के मुख्य खेल मैदान का नवीनीकरण कार्य तेजी से चल रहा है, जहां जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कर नई मखमली घास लगाई जा रही है। साथ ही, हॉकी मैदान, एथलेटिक्स ट्रैक और वॉकर्स के लिए विशेष ट्रैक का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा, दीनबंधु चौधरी छोटू राम के समाधि स्थल पर डोम पार्क का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। जाट स्कूल की ऐतिहासिक इमारत के नवीनीकरण और प्रबंधन कार्यालय का काम भी प्रगति पर है। दिमाना ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर डॉ. कपूर सिंह ढाका, पवन कादयान, सुनील सिन्हा, जय भगवान, दयानंद मलिक और डॉ. सुखबीर सिंह सिंधू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत बोहर में चला सफाई अभियान, लोगों ने संभाली जिम्मेदारी

सार्वजनिक स्थानों को किया चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत गांव बोहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड सदस्य मनीषा और मनोनीत सदस्य अशोक कुमार वर्मा की अगुवाई में आयोजित इस अभियान में स्थानीय नागरिकों ने भी भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों की सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने बताया कि शहर के अलग-अलग वार्डों में लगातार विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों को प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम की ओर से अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि संबंधित क्षेत्रों में बेहतर तरीके से सफाई करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने के लिए नियमित सफाई के साथ-साथ नागरिकों की भागीदारी भी बेहद जरूरी है।



गीले और सूखे कचरे को अलग रखने की अपील

नगर निगम की टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जागरूक करते हुए कूड़ा केवल डस्टबिन में डालने और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील भी की जा रही है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में कपड़े और जूट के थैलों सहित पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने का संदेश दिया जा रहा है।

फरमाणा में आज लगेगा सेवा सेतु शिविर



रोहतक। जिला प्रशासन की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत 15 अक्टूबर को महम खंड के फरमाणा गांव की ब्राह्मण धर्मशाला में सेवा सेतु शिविर लगाया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी पात्र लोगों का पंजीकरण कर उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रक्रिया पूरी करेंगे। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि मोखरा गांव में आयोजित शिविर में विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया। अभियान का उद्देश्य गरीब परिवारों को घर के नजदीक सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। इधर भाजपा युवा नेता दीपक निवास हुड्डा ने भी बुधवार को मोखरा शिविर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब परिवारों के उत्थान के लिए योजनाएं चला रही हैं।

आईटीआई में भाविप का रक्तदान शिविर आज

महम। भारत विकास परिषद् शाखा महम द्वारा वीरवार 15 अक्टूबर को गवर्नमेंट आईटीआई महम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। भाविप के प्रधान आईटीआई परिसर में यह कैंप सुबह 10 बजे शुरू होगा। शिविर का समापन दोपहर दो बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयवीर अहलावत करेंगे। भाजपा नेता कैप्टन संदीप नैन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम के प्रिंसिपल इंद्र सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

सर छोटूराम स्टेडियम में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अंडर-11 जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में निहारिका व रिहान बने जिला चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



सर छोटूराम स्टेडियम, रोहतक में बुधवार को लड़के एवं लड़कियों के आयु वर्ग अंडर-11 की जिला स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लॉकों से आए विजेता खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा, शारीरिक दक्षता, संतुलन और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और सभी प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। जिम्नास्टिक जैसे खेल बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास, संतुलन और शारीरिक क्षमता का विकास करते हैं। जिला मौलिक सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संदीप दांगी ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी ब्लॉकों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों की अंडर-11 जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में निहारिका ने प्रथम, जन्नत ने द्वितीय और अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सानिया चौथे, जियांशी पांचवें, रितिका जांगड़ा छठे और लावण्या सैनी सातवें स्थान पर रहीं। वहीं, लड़कों की अंडर-11 जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में रिहान ने प्रथम, दक्ष ने द्वितीय और लक्ष्य ने तृतीय स्थान हासिल किया। ऋतिक ढाका चौथे, तेजस पांचवें, युवान सिंह छठे और वीर सिंह दहिया सातवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में चयनित एवं विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से उनमें उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना और भविष्य के लिए बेहतर खिलाड़ी तैयार करना रहा।

सावन व ममता ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब



महम। साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 10वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न एथलेटिक एवं मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी खेल प्रतिभा, शारीरिक दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. इंदु सपड़ा प्राचार्या, राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा ने मुख्य अतिथि तथा डॉ. सुदेश लाठर सेवानिवृत्त प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय, जसिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय भारतीय मुक्केबाज अनामिका हुड्डा की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। मुख्य अतिथि डॉ. इंदु सपड़ा ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में संघर्ष, निरंतर प्रयास और चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीत और हार से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुदेश लाठर ने भी विद्यार्थियों को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित शारीरिक गतिविधियों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में बी.ए. तृतीय वर्ष के हरिओम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 200 मीटर दौड़ में बी.ए. तृतीय वर्ष के राहुल विजेता रहे। गोला फेंक एवं भाला फेंक, दोनों प्रतियोगिताओं में बी.ए. तृतीय वर्ष के सावन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। दो स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन के आधार पर सावन को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के खिताब से सम्मानित किया गया। महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं में बी.ए. द्वितीय वर्ष की ममता ने 100 मीटर एवं 200 मीटर, दोनों दौड़ प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की दिव्या ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि भाला फेंक प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की पूनम विजेता रहीं। दौड़ की दोनों स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली ममता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के खिताब से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए रस्सी कूद दौड़, तीन टांग दौड़ तथा रस्साकशी जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विशेष रूप से महिला वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए, जिन्होंने दर्शकों में विशेष उत्साह पैदा किया।

एमडीयू में गैर-शिक्षक संघ चुनावों का बजा बिगुल, 28 अक्टूबर को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के आगामी चुनावों की घोषणा हो चुकी है। नियमानुसार 31 अक्टूबर तक चुनाव प्रक्रिया पूरी की जानी अनिवार्य है, जिसके तहत 28 अक्टूबर 2026 को मतदान की तारीख तय की गई है। संघ की कार्यकारी समिति की विशेष बैठक के बाद आम सभा में चुनाव का विस्तृत शेड्यूल, दिशा-निर्देश और वर्ष 2025-26 के खर्च का लेखा-जोखा सर्वसम्मति से पास कराया गया। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरेश पाल राठी, खैराती लाल और सुनील दहिया की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान केंद्र में मोबाइल ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और मतदान के लिए पहचान पत्र अनिवार्य होगा। परिसर में चिपकने वाले पोस्टर या स्टीकर लगाने पर रोक रहेगी। जिन कर्मचारियों की वोट नहीं बनी है, वे 20 अक्टूबर तक संघ कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

चुनावी कार्यक्रम (शेड्यूल)

नामांकन: 21 अक्टूबर (सुबह 9:00 से शाम 4:00) व 22 अक्टूबर (सुबह 9:00 से दोपहर 12:00 बजे तक)।
नामांकन वापसी: 22 अक्टूबर (दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक)।
चुनाव चिह्न आवंटन: 22 अक्टूबर (दोपहर 3:00 से शाम 4:00 बजे तक)।
मतदान: 28 अक्टूबर (सुबह 8:00 से शाम 4:00 बजे तक)।

एमडीयू में फोरेंसिक तकनीकों से रूबरू हुए विद्यार्थी

- विशेषज्ञों ने समझाई वैज्ञानिक साक्ष्यों की अहमियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में सीन ऑफ क्राइम, रोहतक की वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सरोज दहिया को स्मृति चिंह देते अधिष्ठाता प्रो. रणदीप , कुलसचिव व अन्य।

वैज्ञानिक साक्ष्य आधुनिक आपराधिक जांच और न्यायिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार हैं। अपराध की गुत्थी सुलझाने से लेकर न्याय की निष्पक्षता सुनिश्चित करने तक फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण हो रही है। ऐसे में विधि और फोरेंसिक विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक ज्ञान तथा आधुनिक तकनीकों की समझ आवश्यक है। यह बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि विभाग में आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में उभरकर सामने आई। एमडीयू के विधि विभाग एवं फोरेंसिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को डॉ. बी.आर. अंबेडकर हॉल में 'फोरेंसिक केस स्टडीज एवं उभरती फोरेंसिक तकनीकें' विषय पर सत्र आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. रणदीप राणा मुख्य अतिथि तथा कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल विशिष्ट अतिथि रहे। विधि विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू ने अतिथियों का स्वागत किया। क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल), सुनारिया के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के साथ अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए। सीन ऑफ क्राइम, रोहतक की वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सरोज दहिया ने अपराध स्थल पर प्रारंभिक कार्रवाई और साक्ष्य संग्रह की प्रक्रिया समझाई। एक्सपर्ट डॉक्यूमेंट डिवीजन के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी श्रवण कुमार ने दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि एक्सपर्ट टॉक्सिकोलॉजी डिवीजन की वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ज्योति मलिक ने आपराधिक मामलों की जांच में फॉरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी की उपयोगिता बताई।

मजबूत होगी न्यायिक जांच प्रक्रिया

विशेषज्ञों ने केस स्टडीज के माध्यम से वैज्ञानिक साक्ष्यों के संग्रहण, दस्तावेजों की जांच और विष विज्ञान संबंधी तकनीकों की जानकारी दी। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संवाद के दौरान सवाल पूछकर अपराध जांच में फोरेंसिक तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग को समझा। मुख्य अतिथि प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि विधि और फोरेंसिक विज्ञान के बीच अंतर्विषयक सहयोग वर्तमान न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि जटिल आपराधिक मामलों की प्रभावी जांच और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण जरूरी है।

बास्केटबॉल चैंपियनशिप: पुरुषों में नेकीराम महिलाओं में एमकेजेके कॉलेज बना विजेता



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आयोजित अंतरमहाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में 10 कॉलेजों के करीब 200 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। पुरुष वर्ग में पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। एमडीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट की टीम दूसरे और ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज, रोहतक की टीम तीसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग के फाइनल में एमकेजेके कॉलेज ने टीकाराम कॉलेज को हराकर खिताब जीता। टीकाराम कॉलेज दूसरे और पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक की टीम तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रविंद्र हुड्डा रहे, जो 11 बार भारतीय बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। रविन्द्र हुड्डा और खेल निदेशक कुलताज सिंह ने विजेताओं को सम्मानित किया। नेकीराम कॉलेज के प्राचार्य सुरेंद्र सांगवान और एमडीयू स्पोर्ट्स बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कादियान भी उपस्थित रहे। इनके अलावा डॉ. तेजपाल, डॉ. विपिन सैनी और पूर्व नगर पार्षद बलराज सिंह बल्लू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एमडीयू के डायरेक्टर स्पोर्ट्स कुलताज सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।



सुपवा में 'अगर हैमलेट' का तीन दिवसीय मंचन कल से

रोहतक। दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीपीवीए) में नाटक 'अगर हैमलेट' का तीन दिवसीय मंचन 16 अक्टूबर से किया जाएगा। फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के मिनी ऑडिटोरियम में होने वाले मंचन में थियेटर, नाटक व कला प्रेमियों के लिए एंट्री निशुल्क रहेगी। नाटक का मंचन एक्टिंग डिपार्टमेंट के छात्र करेंगे। वे तीन दिवसीय मंचन के दौरान इसके पांच बार शो प्रस्तुत करेंगे। एफटीवी के फैकेल्टी कॉर्डिनेटर महेश टीपी ने बताया कि 'अगर हैमलेट' विलियम शेक्सपियर के नाटक हैमलेट का समकालीन रूपांतरण है। एक्टिंग के तृतीय वर्ष के छात्र इसके मुख्य पात्र होंगे, जो लगातार तैयारी में जुटे हैं। इसके निर्देशक प्रसिद्ध श्रीलंकाई थिएटर प्रैक्टिशनर डॉ चमिका हथ्लहावट्टा हैं, जबकि प्रॉडक्शन डिजाइन की जिम्मेदारी एनएसडी से प्रशिक्षित प्रवीण ऐडामंगला की रहेगी।

एमडीयू के इमसार के शोधकर्ताओं का शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च की शोधकर्ता प्रो. दिव्या मल्हान, सिमरन सहगल, और रूबी गोठवाल का शोध पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'विजन: द जर्नल ऑफ बिजनेस पर्सपेक्टिव' में प्रकाशित हुआ है। शोध में इलेक्ट्रिक वाहनों की मार्केटिंग से जुड़े वैश्विक रुझानों का विश्लेषण किया गया है। इसमें सामने आया कि इस क्षेत्र में शोध पत्रों के प्रकाशन में चीन पहले और भारत दूसरे स्थान पर है। शोध पत्र- अनरवेल्लिंग द इंटेलेक्चुअल स्ट्रक्चर एंड थीमेटिक एवोलुशन ऑफ़ इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केटिंग रिसर्च: अ एसपीएआर-4-एसएलआर-बेस्ड बिब्लिओमेट्रिक एनालिसिस में वर्ष 2000 से 2026 के बीच प्रकाशित 396 शोध पत्रों का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2018 के बाद इस क्षेत्र में शोध कार्य तेजी से बढ़ा है। उपभोक्ताओं की पसंद, वाहन खरीदने का निर्णय, आर्थिक बचत और पर्यावरण संरक्षण इसके प्रमुख विषय रहे हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को लोकप्रिय बनाने के लिए कंपनियों को ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप प्रचार करना होगा। वाहनों से होने वाली बचत, पर्यावरणीय लाभ और इस्तेमाल में आसानी के बारे में जानकारी देना जरूरी है।

सूचना

मैं, संतोष कुमार पुत्र श्री रूप चंद निवासी गांव टिटोली, तह. व जिला रोहतक-124001, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नरेन्द्र व पुत्रवधु ललिता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

चिरंजीव ने बॉक्सिंग में पाया स्वर्ण पदक



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एम.डी.यू.) स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 12-13 अक्तूबर को आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग टूर्नामेंट के 60 कि.ग्रा. वर्ग में सैनी कॉलेज के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र चिरंजीव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में जी.सी. कॉलेज सांपला के प्रतीक को मात दी।

फार्मेसी विभाग में प्रो. दीप्ति हुड्डा ने विद्यार्थियों को सिखाए मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के गुर



रोहतक। विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जरूरी है कि वे अपनी भावनाओं को समझें, तनाव से निपटने के सकारात्मक तरीके अपनाएं और आपसी सहयोग की भावना विकसित करें। सार्थक सामाजिक संबंध और सकारात्मक वातावरण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें विश्वविद्यालय जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। यह बात एमडीयू के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर एवं हैप्पीट्यूड लैब प्रभारी प्रो. दीप्ति हुड्डा ने बुधवार को फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में आयोजित कार्यशाला में कही।

छात्रों को बताए खेलों में करियर के अवसर

सांपला। सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत प्लेसमेंट सेल और खेल प्रकोष्ठ की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संतोष हुड्डा ने की। कार्यक्रम में सीमा रंग ने प्लेसमेंट सेल की ओर से खेलों में करियर और अपने जुनून को आजीविका में बदलने के विषय पर व्याख्यान दिया। मुख्य वक्ता गुरुग्राम महाविद्यालय की डॉ. ज्योति सोलंकी ने विद्यार्थियों को खेल एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में करियर की विभिन्न संभावनाओं की जानकारी दी।

हरियाणा की ऐतिहासिक जीत, दिनेश बाना ने दोनों पारियों में जड़े शतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी (एलीट ग्रुप) के मुकाबले में हरियाणा अंडर-23 क्रिकेट टीम ने त्रिपुरा के खिलाफ ऐतिहासिक और धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 393 रनों के विशाल अंतर से शानदार जीत हासिल की है। अगरतला के पुलिस ट्रेनिंग अकादमी ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में हरियाणा के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने शुरू से लेकर अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा। मैच में टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा ने अपनी पहली पारी में 339 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज अर्श रंगा ने शानदार शतकीय पारी खेली और 111 गेंदों पर 100 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उनका बेहतरीन साथ निभाते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश बाना ने भी 136 गेंदों पर 122 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। इसके जवाब में त्रिपुरा की पहली पारी हरियाणा के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी और पूरी टीम 49.4 ओवरों में महज 163 रनों पर सिमट गई। हरियाणा के लिए सम्मी कादियान ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए 58 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि मयंक शांडिल्य ने भी 3 विकेट अपने नाम किए। पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल करने के बाद हरियाणा ने दूसरी पारी में भी रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। टीम ने 75 ओवरों में 6 विकेट पर 423 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। कप्तान युवराज सिंह ने 110 गेंदों पर 114 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, पहली पारी के शतकवीर दिनेश बाना ने एक बार फिर जलवा बिखेरा और 113 रन बनाए। इसके अलावा मोक्ष मुदगिल ने 80 और अर्श रंगा ने 51 रनों का योगदान दिया। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी त्रिपुरा की दूसरी पारी 48.1 ओवरों में 206 रनों पर ढेर हो गई। त्रिपुरा के कप्तान आनंद भौमिक ने 122 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन हरियाणा के स्पिनर आरव ने कहर बरपाते हुए अकेले 81 रन देकर 8 विकेट चटकाए और त्रिपुरा की पारी को समेटने में मुख्य भूमिका निभाई।

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available
Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

न्यूज डायरी

सात्विक पाठक ने एनडीए परीक्षा में फहराया परचम



रोहतक। जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल के 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र सात्विक पाठक ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सात्विक की इस सफलता पर स्कूल में खुशी का माहौल है। संस्था अध्यक्ष राजीव मलिक और प्राचार्य बाई नाथ नाइक ने छात्र व उनके परिवार को बधाई दी। संस्था अध्यक्ष राजीव मलिक ने कहा कि सात्विक की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल हुआ है। वहीं प्राचार्य बाई नाथ नाइक ने कहा कि 12वीं के साथ पहले ही प्रयास में एनडीए पास करना सात्विक की उत्कृष्ट प्रतिभा को दर्शाता है।

आईबी का हिमाक्ष शतरंज में रहा दूसरे स्थान पर



रोहतक। आई.बी. विद्यालय, रोहतक की कक्षा आठवीं के छात्र हिमाक्ष मलिक ने किंग्स कॉलेज इंडिया, रोहतक में आयोजित ओपन कैटेगरी शतरंज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हिमाक्ष मलिक की इस उपलब्धि से उनकी एकाग्रता, रणनीतिक सोच, धैर्य और खेल के प्रति समर्पण का परिचय मिलता है। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। आई.बी. विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत ढुल ने हिमाक्ष मलिक को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



दोहा-वाचन में डोगराई हाउस ने पाया प्रथम स्थान

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल, करौंथा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु दोहा-वाचन प्रतियोगिता एवं करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। कक्षा 6ठी से 8वीं तक के लिए आयोजित दोहा-वाचन में डोगराई हाउस ने प्रथम, हल्दीघाटी हाउस ने द्वितीय तथा कारगिल हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भारतीय वायु सेना के कैप्टन नकुल ने काउंसलिंग सत्र में रक्षा सेवाओं की प्रवेश प्रक्रिया और संभावनाओं पर मार्गदर्शन किया। विद्यालय निदेशिका सुनीता अहलावत व प्रधानाचार्य आर. के. खन्ना ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ नैतिक मूल्य, व्यावहारिक समझ और स्पष्ट लक्ष्य होना अत्यंत आवश्यक है।



डॉ. रमा कान्ता को हिन्दी भक्त सम्मान से नवाजा

रोहतक। वरिष्ठ साहित्यकारा डॉ. रमा कान्ता को हिन्दी भक्त सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा, द्वारा श्रीजी मंदिर, मथुरा में आयोजित राष्ट्रभाषा अभिव्यक्ति सम्मेलन एवं वार्षिक अधिवेशन में दिया गया। डा. रमाकांता को हिन्दी राष्ट्रभाषा कविता लेखन प्रतियोगिता में सर्व श्रेष्ठ लेखन सम्मान -2026 से नवाजा गया है। इसके अलावा, हिन्दी प्रचार, प्रसार व राष्ट्रभाषा अभियान में सेवा भाव व समर्पण के लिए हिन्दी भक्त सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में चार अक्टूबर को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला व आदर्श जन सेवा सोसाइटी, डींग (सिरसा) द्वारा जनिका श्री भूषण सम्मान -2026 मिल चुका है। साथ ही 10 अक्टूबर को अखिल भारतीय साहित्य एवं शोध-संस्थान, कुरुक्षेत्र की ओर से "प्रेरणा साहित्य सम्मान-2026 प्रदान किया गया।



जॉन वैस्ले के नमन शर्मा ने फेंसिंग में जीता गोल्ड

रोहतक। जॉन वैस्ले कॉन्वेंट स्कूल के सातवीं कक्षा के छात्र नमन शर्मा ने जिले का मान बढ़ाया है। नमन ने हरियाणा डिस्ट्रिक ओपन गेम्स फेंसिंग प्रतियोगिता (अंडर-14) में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। विश्वकर्मा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिलेभर के कई स्कूलों के बेहतरीन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। कड़े मुकाबलों के बीच नमन ने अपनी उत्कृष्ट तकनीक, एकाग्रता और फुर्ती का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस शानदार जीत से पूरे स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डॉ. ममता मलिक ने नमन को बधाई देते हुए कहा कि फेंसिंग जैसे अनुशासित खेल में यह सफलता पूरे स्कूल परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सच्ची मेहनत से हर मंजिल हासिल की जा सकती है।



एमडीयू में बेन जॉनसन के नाटक 'एपिकीन' का मंचन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग की इंग्लिश लिटरेरी सोसायटी की ओर से प्रसिद्ध अंग्रेजी नाटककार बेन जॉनसन के चर्चित नाटक 'एपिकीन; ऑर, द साइलेंट वुमन' का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से विवाह, विरासत, सामाजिक दिखावे और शोर-शराबे की प्रवृत्ति पर व्यंग्यात्मक प्रस्तुति दी गई। वर्ष 1609 में पहली बार मंचित यह नाटक आज भी अपने विषय और व्यंग्य के लिए प्रासंगिक है। विभागाध्यक्ष प्रो. गुलाब सिंह के नेतृत्व तथा इंग्लिश लिटरेरी सोसायटी की सलाहकार प्रो. नीलम हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का निर्देशन शोधार्थी अनन्या और पर्ल ने किया।

नमन मलिक ने एनडीए में हासिल की 457 रैंक

रोहतक। आकाशदीप ढुहन साइंस इंस्टीट्यूट के लिए गर्व का क्षण है कि संस्थान के छात्र नमन मलिक सुपुत्र श्री वीरेंद्र सिंह और श्रीमती बबीता ने प्रतिष्ठित एनडीए एवं नेवल एकेडमी परीक्षा (II), 2026 उत्तीर्ण कर ऑल इंडिया रैंक 457 हासिल की है। नमन की इस उपलब्धि से संस्थान, उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नमन मलिक ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर तैयारी के दम पर यह सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि ने अन्य विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा दी है। चेयरमैन डॉ. अशोक ढुहन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सुनीता ढुहन, सचिव संतोष मलिक, मीना मलिक एवं प्रधानाचार्या अनु राणा ने हार्दिक बधाई दी।

रोहतक से आर्चरी व बॉक्सिंग के खिलाड़ियों का चयन

रोहतक। जिला स्तरीय खेल महाकुंभ (वर्ष 2026-27) के अंतर्गत आयोजित आर्चरी (तीरंदाजी) और बॉक्सिंग ट्रायल्स सफलतापूर्वक संपन्न हो गए हैं। जिले भर से पहुंचे युवा एथलीटों ने अपने शानदार प्रदर्शन से हर किसी को प्रभावित किया। ट्रायल्स के आधार पर आगामी राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए रोहतक की मजबूत टीम का गठन कर लिया गया है। आर्चरी ट्रायल्स में रिकर्व टीम के बालक वर्ग से आदित्य मलिक, ईशान, मुद्दित व निशाय नांदल और बालिका वर्ग से भूमि व दीक्षा ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

एमडीयू में पीएचडी प्रवेश के लिए अंतिम दिन आज

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न विषयों में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर तक होंगे। विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने बताया कि पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में यूजीसी नेट श्रेणी-एक के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 21 और 22 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। प्रथम चरण की मेरिट सूची 23 अक्टूबर को जारी होगी, जबकि प्रवेश काउंसलिंग 27 अक्टूबर को होगी। इस चरण में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों को 28 अक्टूबर तक फीस जमा करवानी होगी। सीटें रिक्त रहने पर 30 अक्टूबर को खाली सीटों की सूची जारी की जाएगी।

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति पर केस दर्ज

रोहतक। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और घरेलू हिंसा का केस दर्ज किया है। सुनीता की शादी योगेश के साथ 3 मई 2022 को हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के अगले दिन से ही उसे दहेज के लिए ताने दिए जाने लगे। सास के लिए सोने की बालियां, पति के लिए चेन और ससुर के लिए अंगूठी मांगने का भी आरोप है। गर्भावस्था और डिलीवरी के बाद भी उससे घर का काम करवाया गया। महिला थाना में जांच और काउंसलिंग के बाद पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय नगाड़ा प्रतियोगिता कल

रोहतक। हरियाणा की लोक कला और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए 16 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र के मल्टी आर्ट सेंटर में राज्य स्तरीय नगाड़ा (बंचारी) प्रतियोगिता होगी। सुबह 10 बजे शुरू होने वाली प्रतियोगिता में प्रथम विजेता दल को 75 हजार, द्वितीय को 65 हजार और तृतीय को 55 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा पांच सांत्वना पुरस्कार भी मिलेंगे, जिनमें प्रत्येक दल को 10 हजार रुपये दिए जाएंगे।

एसएफआई का प्रदर्शन वीसी को सौंपा ज्ञापन



रोहतक। एमडीयू में स्थायी भर्ती, 10% वार्षिक फीस वृद्धि रोकने और महिला सुरक्षा की मांग को लेकर एसएफआई ने प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय धरने के बाद छात्रों ने लाइब्रेरी चौक से वीसी कार्यालय तक रोष मार्च निकालकर कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया व रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने शिक्षकों की कमी दूर करने और महिला गार्ड्स की संख्या बढ़ाने की मांग की। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। वीसी ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

आय सीमा एक लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये की

लाडो लक्ष्मी योजना का बढ़ा दायरा, रोहतक में 60 हजार और महिलाओं को मिलेगा लाभ

- जिले में लाभार्थियों की संख्या 80 से 85 हजार तक पहुंचने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ने से रोहतक जिले में करीब 60 हजार और महिलाओं को लाभ मिलने का रास्ता खुल गया है। इससे जिले में लाभार्थियों की संख्या मौजूदा करीब 25 हजार से बढ़कर 80 से 85 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। सरकार ने योजना के लिए परिवार की वार्षिक आय की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये कर दी है। इसके बाद नए पात्र परिवारों की पहचान और उन्हें योजना से जोड़ने की प्रक्रिया की जा रही है। हरियाणा सरकार ने 17 सितंबर को योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की थी। पहले चरण में एक लाख रुपये तक वार्षिक पारिवारिक आय वाले परिवारों की पात्र महिलाओं को लाभ दिया जा रहा था। आय सीमा बढ़ने से अब अधिक परिवारों की महिलाएं योजना के दायरे में आएंगी। सरकार के अनुसार, इस विस्तार से प्रदेश में करीब 17 लाख और महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

23 वर्ष या उससे अधिक आयु होना जरूरी

योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु कम से कम 23 वर्ष होनी चाहिए और परिवार की सत्यापित वार्षिक आय निर्धारित सीमा के भीतर होनी जरूरी है। महिला हरियाणा की निवासी होनी चाहिए। दूसरे राज्य से विवाह करके हरियाणा आई महिला के पति को भी राज्य में कम से कम 15 वर्ष निवास की निर्धारित शर्त पूरी करनी होगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन या कुछ अन्य सरकारी वित्तीय सहायता योजनाओं का लाभ लेने वाली महिलाएं पात्र नहीं होंगी। एक परिवार में पात्र महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

1000 रुपये की सरकार कराएगी एफडी 5 साल बाद मिलेगा इसका पैसा

पहले महीने खाते में आएंगे 2,100 रुपये

योजना के तहत पहले महीने लाभार्थी को 2,100 रुपये की पूरी राशि बैंक खाते में मिलेगी। संशोधित व्यवस्था के अनुसार, दूसरे महीने से 1,100 रुपये सीधे खाते में जमा होंगे, जबकि शेष 1,000 रुपये सरकार की ओर से संचालित जमा खाते में रखे जाएंगे। इस तरह मासिक सहायता की कुल राशि 2,100 रुपये ही रहेगी, लेकिन दूसरे महीने से पूरी रकम सीधे खर्च के लिए उपलब्ध नहीं होगी।

जमा राशि पांच साल बाद मिलेगी

सरकार की ओर से हर महीने जमा किए जाने वाले 1,000 रुपये पर नियमानुसार ब्याज मिलेगा। यह राशि आवर्ती जमा (आरडी) या सावधि जमा (एफडी) खाते में जमा होगी और निर्धारित परिपक्वता अवधि पूरी होने पर लाभार्थी को मिलेगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, यह अवधि पांच साल तक हो सकती है। जमा खाते की वास्तविक अवधि और भुगतान की शर्तें योजना के लागू नियमों के अनुसार निर्धारित होंगी।

गर्भवती महिला से मारपीट, गर्भ गिरने का आरोप, छह पर केस

रोहतक। कलानौर क्षेत्र के गांव आंवल में जीजा को थप्पड़ मारने का कारण पूछने गई महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया कि विजय उसे घर के अंदर घसीटकर ले गया और पेट में लात मारी। महिला के अनुसार, वह दो माह की गर्भवती थी और उपचार के दौरान उसका गर्भ गिर गया। शिकायत के आधार पर कलानौर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में ज्योति ने बताया कि 10 अक्टूबर को उसका जीजा जयबीर नाई की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान विजय ने उसे थप्पड़ मार दिया। इसका कारण पूछने के लिए ज्योति अपने परिजनों के साथ विजय के घर गई थी। वहां विवाद के दौरान विजय ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि दर्शन, बाला, पूजा, रेखा और संदीप ने भी उसके परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। घटना के बाद परिजन उसे कलानौर के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सकों ने पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। महिला की देवरानी माया ने भी पुलिस को दिए बयान में उसके आरोपों की पुष्टि की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- महिला की देवरानी माया ने भी पुलिस को दिए बयान में आरोपों की पुष्टि की

त्योहारों की खरीदारी में रहें जालसाजों से सावधान

90% छूट और कैशबैक के लालच में कहीं खाली न हो जाए बैंक खाता

फर्जी वेबसाइट, नकली कस्टमर केयर और पार्सल डिलीवरी के बहाने हो रही साइबर ठगी

- ओटीपी और यूपीआई पिन साझा करने से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारों के मौसम में ऑनलाइन खरीदारी और आकर्षक छूट का लाभ उठाने की होड़ के बीच साइबर ठग भी सक्रिय हैं। नामी कंपनियों से मिलती-जुलती वेबसाइट, सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन, नकली ग्राहक सेवा नंबर और कैशबैक के झांसे के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ऐसे में खरीदारी करते समय थोड़ी सी लापरवाही भी आपकी मेहनत की कमाई पर भारी पड़ सकती है। इस समय मोबाइल पर 80 से 90 प्रतिशत छूट, मुफ्त गिफ्ट और भारी कैशबैक के मैसेज लगातार लोगों को मिल रहे हैं, लेकिन जिस ऑफर को देखकर आप पैसे बचाने की खुशी महसूस कर रहे हैं, वही आपके बैंक खाते को खाली करने का जाल भी हो सकता है। साइबर ठग त्योहारों के दौरान खरीदारी की बढ़ती गतिविधियों का फायदा उठाकर फर्जी वेबसाइट, नकली भुगतान लिंक और कस्टमर केयर के नाम पर लोगों को निशाना बना सकते हैं। कहीं सस्ते सामान का लालच दिया जाता है, तो कहीं रिफंड, लकी ड्रॉ और पार्सल पहुंचाने के बहाने गोपनीय बैंकिंग जानकारी हासिल करने की कोशिश होती है।



फोटो : एआई

सिटी अलर्ट

फर्जी वेबसाइटों से रहें अलर्ट

ब्रांडेड कपड़ों, जूतों, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर असामान्य छूट देने वाले विज्ञापनों को देखकर तुरंत भुगतान न करें। साइबर ठग नामी कंपनियों जैसी दिखने वाली वेबसाइट बनाकर ग्राहकों को फंसा सकते हैं। ऐसे में कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑफर की पुष्टि करें।

रिफंड के नाम पर खाते तक पहुंचते हैं ठग

ऑर्डर रद्द होने, भुगतान अटकने या रकम वापस दिलाने का दावा करने वाले व्यक्ति पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। रिफंड के लिए गोपनीय बैंकिंग जानकारी साझा करने की जरूरत नहीं होती।

सोशल मीडिया पर वायरल फेस्टिव ऑफर

व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आने वाले आकर्षक ऑफर लिंक आपको नकली वेबसाइट तक पहुंचा सकते हैं। कई बार सीमित समय में ऑफर खत्म होने का दबाव बनाकर जल्दबाजी में खरीदारी करवाई जाती है।

क्यूआर कोड स्कैन करने का दबाव

कैशबैक, गिफ्ट वाउचर या इनाम दिलाने के नाम पर भेजे गए अनजान क्यूआर कोड से सावधान रहें। ठग आपको भुगतान प्राप्त करने का झांसा देकर कोड स्कैन करवा सकते हैं और यूपीआई पिन डालने के लिए कह सकते हैं।

पार्सल रोकने के बहाने ओटीपी मांगना

ठग खुद को डिलीवरी एजेंट बताकर फोन कर सकते हैं। वे पता गलत होने, पार्सल रुकने या डिलीवरी की पुष्टि करने के नाम पर ओटीपी मांग सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति को बैंकिंग ओटीपी न बताएं।



ठगी होने पर यह करें

त्योहार पर बचत के चक्कर में जल्दबाजी न करें। किसी भी ऑफर पर भरोसा करने से पहले उसकी पुष्टि करें और ओटीपी, यूपीआई पिन तथा बैंकिंग पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। यदि खाते से अनधिकृत रकम निकल जाए या साइबर ठगी का संदेह हो, तो तुरंत साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

-गौरव राजपुरोहित, एसपी रोहतक

गोहाना स्टैंड पर डिवाइडर से टकराई कार, सुरक्षा इंतजामों पर सवाल



डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेतक और सफेद-पीली पट्टियां लगाने की जरूरत

- बड़े हादसे से पहले जागे प्रशासन, निरीक्षण कर खामियां दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना स्टैंड पर सड़क के बीच बने डिवाइडर से एक कार टकरा गई। घटना ने एक बार फिर यहां सड़क सुरक्षा के इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय स्तर पर इस स्थान पर पहले भी हादसे होने की बात सामने आती रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान होता नजर नहीं आ रहा।गोहाना स्टैंड शहर के व्यस्त इलाकों में शामिल है, जहां दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में डिवाइडर का दूर से स्पष्ट दिखाई देना जरूरी है, ताकि चालक समय रहते सतर्क हो सकें। इसके लिए रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेतक और रात के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होनी चाहिए।बॉक्सः रिफ्लेक्टर और संकेतक लगाने की जरूरतयदि एक ही स्थान पर बार-बार हादसे हो रहे हैं, तो संबंधित विभाग को निरीक्षण कर कारणों का पता लगाना चाहिए। डिवाइडर पर चमकदार रिफ्लेक्टर, सफेद-पीली पट्टियां और चेतावनी संकेतक लगाने के साथ रोशनी की व्यवस्था भी दुरुस्त की जानी चाहिए। समय रहते सुरक्षा इंतजाम करने से दुर्घटनाओं का खतरा कम किया जा सकता है।

एमडीयू में देव पर जानलेवा हमले का दूसरा आरोपी काबू



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में गरनावठी निवासी देव पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहित पुत्र दलबीर निवासी मोखरा, रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया। मामले की जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 26 अगस्त को एमडीयू की एफडीसी कैफेटेरिया में दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और मामला दर्ज किया। घटनास्थल से एक पिस्तौल, छह कारतूस, थार गाड़ी, फ्राईपैन और चम्मच बरामद किए गए थे। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विक्की, सुमित और अन्य युवक देव पर हमला करते दिखाई दिए। शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश को हमले का कारण बताया गया। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक जसबीर कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, वारदात में शामिल एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस संबंध में पीजीआईएमएस थाना में 26 अगस्त को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया था।

मनीष ग्रोवर का आरोप, गांधी परिवार ने हुड्डा परिवार को किया बाइपास



रोहतक। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर का सम्मान करते रोहतक भाजपा के समस्त मंडल अध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने दीपेंद्र हुड्डा से जुड़ी वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने हुड्डा परिवार को बाइपास कर दिया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के इस बयान के बाद कि कांग्रेस अब पहले जैसी नहीं रही, दोनों परिवारों के बीच राजनीतिक दूरी के संकेत मिलने लगे थे।ग्रोवर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस में पहले भी नेताओं के बीच मतभेद सामने आते रहे हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर और कुमारी शैलजा के साथ हुए विवादों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी में दलित नेताओं को भी उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने 2024 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद हुड्डा पिता-पुत्र के खिलाफ हुई बयानबाजी को भी अंदरूनी खींचतान का उदाहरण बताया।ग्रोवर ने कहा कि भाजपा विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनसंपर्क के दम पर जनता का विश्वास जीत रही है। उन्होंने हरियाणा में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, मंडल अध्यक्ष गीता ओहलायन, मंडल अध्यक्ष दिनेश धनखड़, मंडल अध्यक्ष जितेंद नांदल, मंडल अध्यक्ष अमित चौहान, नवीन सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगम ने 317 सफाई श्रमिकों को बांटी सुरक्षा किट



रोहतक। निगम ने 317 सफाई श्रमिकों को बांटी सुरक्षा किटहरिभूमि न्यूज. रोहतकशहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने और सफाई श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने केंद्र सरकार की नमस्ते योजना के तहत 317 श्रमिकों को सुरक्षा किट वितरित की। इनमें कूड़ा उठान करने वाले 279 ड्राइवर और हेल्पर्स तथा 38 कूड़ा बीनने वाले श्रमिक (रैगपिकर्स) शामिल हैं।महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि सफाई श्रमिक शहर को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। कचरे के संपर्क में रहने से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाना जरूरी है। योजना के तहत श्रमिकों को सुरक्षित कार्य वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।बॉक्सः रेनकोट, मास्क और गमबूट भी दिएसुरक्षा किट में रेनकोट, मास्क, दस्ताने, गमबूट और जैकेट सहित अन्य जरूरी सामग्री शामिल है। इनके इस्तेमाल से श्रमिकों को गंदगी, संक्रमण और काम के दौरान संभावित खतरों से बचाव में मदद मिलेगी। महापौर ने बताया कि सुरक्षा किट वितरण के दौरान वार्ड सदस्य प्रतिनिधि दीपक सैनी, जितेंद्र रोहिला और मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे। नगर निगम की ओर से मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि आगामी सोमवार तक योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को सुरक्षा किट उपलब्ध करवाई जाएं। इसके लिए वितरण प्रक्रिया को समय पर पूरा करते हुए शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया है।

फसल खरीद के विरोध में मार्केट कमेटी कार्यालय पर की तालाबंदी



रोहतक। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को रोहतक में किसान संगठनों ने मार्केट कमेटी कार्यालय पर तीन घंटे तालाबंदी कर धरना दिया। किसानों ने फसल खरीद में अनियमितताओं और सरकारी शर्तों के विरोध में नारेबाजी की। प्रदर्शन सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक चला।किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि धान और बाजरे की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं मिल रहा। जिले में ही फसल बेचने, प्रति एकड़ खरीद सीमा और पंजीकरण जैसी शर्तों से किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो 17 अक्टूबर को प्रदेशभर में भाजपा कार्यालयों पर सरकार के पुतले जलाए जाएंगे।प्रदर्शन में किसान सभा, बीकेयू रोहतक, किसान मजदूर संगठन, किसानी प्रतिष्ठा मंच और बीकेयू टिकैत के सदस्य शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि खरीद संबंधी समस्याओं का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में बलवान सिंह, मोनिका, अशोक राठी, राजकुमार, जगपाल सांगवान, बबलू दलाल, बल्लू बल्हारा, सुमेश कुंडू, परवीन कुंडू सहित अन्य किसान शामिल रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

एक्यूआई बढ़ने पर मौके पर पहुंचेंगी विभागीय टीमें, प्रदूषण की करेंगी जांच

मदीना कोरसान और निंदाना पंचायतों को सौंपे सेंसर, 20 नवंबर तक होगी निगरानी

पराली के धुएं पर सेंसर से नजर दो गांवों में एक्यूआई की निगरानी

- रेड जोन के गांवों में ड्रोन से निगरानी, वायु गुणवत्ता पर नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पराली जलाने की घटनाओं पर निगरानी के लिए रोहतक जिले में पहली बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मापने वाले सेंसर लगाए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने बुधवार को मदीना कोरसान और निंदाना गांवों की पंचायतों को सेंसर सौंपे। ये उपकरण 20 नवंबर तक पंचायतों के पास रहेंगे। दोनों



गांव पराली जलाने की घटनाओं के लिहाज से येलो जोन में शामिल हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक ने बताया कि पहली बार पराली के धुएं पर सेंसर से नजर रखी जा रही है।

हर दिन देनी होगी रिपोर्ट

दोनों गांवों के सरपंच सेंसर से मिलने वाले एक्यूआई के आंकड़ों की दैनिक रिपोर्ट कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को देंगे। वायु गुणवत्ता सूचकांक में बढ़ोतरी होने पर विभागीय टीमें मौके पर पहुंचकर प्रदूषण के कारणों की जांच करेंगी। इससे पराली जलाने की आशंका वाले मामलों की पड़ताल करने और प्रदूषण बढ़ने के पीछे दूसरे कारणों का पता लगाने में मदद मिलेगी।

रोहतक में कोई गांव रेड जोन में नहीं

रेड जोन के गांवों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है, जबकि रोहतक में कोई गांव रेड जोन में नहीं है। ऐसे में येलो जोन के दो गांवों में सेंसर से वायु गुणवत्ता पर 20 नवंबर तक नजर रखी जाएगी।

ऐसे काम करते हैं सेंसर

सेंसर हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 कणों की मात्रा दर्ज कर एक्यूआई का आकलन करने में मदद करते हैं। एक्यूआई बढ़ने पर प्रदूषण का कारण जानने के लिए विभागीय टीमें मौके पर जांच करेंगी।

छठ घाट की सफाई शुरू एसडीएम ने लिया जायजा



रोहतक। छठ महापर्व को लेकर पूर्वांचल एकता सेवा समिति ने भालौठ सब ब्रांच स्थित घाट पर तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को घाट की साफ-सफाई शुरू कर दी गई। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रशासन की ओर से तैयारियों में सहयोग दिया जा रहा है।समिति के प्रधान संजीव सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अरुण मुंजाल, एसडीओ और जेई भी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि समिति का प्रयास है कि पूजा से पहले सफाई और जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए जाएं, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। समिति के सदस्य भी तैयारियों में जुटे हैं।